सार-समाचार

सोतनाला औद्योगिक क्षेत्र में 500 से अधिक श्रमिकों ने लिया मतदान का संकल्प

कोटपूतली। आगामी शहरी स्थानीय निकाय चुनाव-2026 के तहत मतदाता जागरूकता के लिए संचालित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत गुरुवार को सोतनाला औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 500 से अधिक श्रमिकों ने सहभागिता की। जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा गुप्ता ने श्रमिकों से संवाद करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने श्रमिकों को आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के साथ ही अपने परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाते हुए आगामी चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने तथा परिवारजनों की सहभागिता बढ़ाने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक मतदाता का मतदान स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के चयन और क्षेत्र के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कार्यक्रम में स्वीप जिला नोडल अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीना, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक भंवर लाल सैनी तथा सोतनाला औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के एचआर एवं यूनिट हेड सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से श्रमिकों को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई तथा अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य फेरी

पावटा। लोक देवता जाहरवीर गोगाजी महाराज की आराधना के पर्व गोगा नवमी को लेकर प्रागपुरा कस्बे में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। आगामी 5 सितंबर शनिवार को गोगा नवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक फेरी (नगर परिक्रमा एवं निमंत्रण यात्रा) निकाली जा रही है। फेरी के दौरान श्रद्धालु हाथों में गोगाजी महाराज का निशान लेकर ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों में पहुंचे। इस दौरान गोगाजी महाराज के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्रवासियों को मेले में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए आयोजन को सफल बनाने का आ ान किया। फेरी में बड़ी संख्या में ग्रामीण और भक्त शामिल हुए। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ गोगाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए नगर परिक्रमा कर रहे हैं। धार्मिक आस्था से जुड़ी इस परंपरा के माध्यम से लोगों को मेले में पहुंचकर लोकदेवता गोगाजी महाराज के दर्शन करने का निमंत्रण दिया जा रहा है। मान्यता है कि गोगाजी महाराज श्रद्धालुओं की आस्था और मन्नतों से जुड़े लोकदेवता हैं। गोगा नवमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। गोगा नवमी के अवसर पर लगने वाले मेले को लेकर भी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। मेले में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रकार की दुकानें, झूले, खिलौने, खान-पान के स्टॉल सहित अन्य आकर्षण देखने को मिलेंगे। गोगा नवमी को लेकर प्रागपुरा में अभी से धार्मिक रंग चढ़ने लगा है। फेरी के दौरान उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था और गोगाजी महाराज के जयकारे बता रहे हैं कि इस बार मेले में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

चौमू में कई जगह त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

चौमूं / कालाडेरा । गुरुवार को चौमूं नगर परिषद चुनाव 2026 के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही चुनावी तस्वीर भी साफ हो गई है। चौमूं नगर परिषद चुनाव में 22 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब कुल 119 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 45 कांग्रेस प्रत्याशी, 45 भाजपा प्रत्याशी, 7 आरएलपी प्रत्याशा और 22 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। जो अलग-अलग वार्डों में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चौमूं नगर परिषद में कुल 45 वार्ड हैं। नामांकन वापसी के बाद कई वार्डों में सीधा मुकाबला दिख रहा है। वहीं, कुछ वार्डों में ज्यादा प्रत्याशी होने से त्रिकोणीय या बहुकोणीय मुकाबले की संभावना है। ऐसे में प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों की रणनीति और स्थानीय समीकरण चुनाव परिणाम में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। वार्ड स्तर पर जनसंपर्क, बैठकें और मतदाताओं को साधने का काम शुरू होगा। भाजपा, कांठोस, आरएलपी और निर्दलीय प्रत्याशी अपनी मजबूत पकड़ बनाने में जुटेंगे।

नाम वापसी के बाद 25 वार्डों में 77 उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे

फुलेरा। स्थानीय नगर पालिका में पार्षद पद के लिए 9 सितंबर को होने वाले मतदान को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 25 वार्डों से कुल 77 उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। कांठोस और भाजपा ने सभी 25 वार्डों में अपने-अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं, जबकि 27 निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नाम वापसी के बाद वार्ड संख्या 2, 3, 4, 10, 11, 14 एवं 16 में कांठोस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है, जहां दोनों दलों के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। वहीं वार्ड संख्या 1, 5, 6, 7, 8, 9, 12, 13, 15 तथा 17 से 25 तक कई वार्डों में त्रिकोणीय, चतुष्कोणीय तथा पांच प्रत्याशियों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। सबसे अधिक पांच-पांच प्रत्याशी वार्ड संख्या 23 एवं 25 से चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होने से अब चुनावी मुकाबले की तस्वीर भी साफ हो गई है। प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में मतदाताओं से संपर्क कर समर्थन जुटाने में जुट गए है।

वन महोत्सव में लगाए पौधे

निवाई। हरियालो राजस्थान के तहत उप वन संरक्षक संदीप कुमार के निर्शानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरोही में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसको लेकर नीम, बड़, पीपल, अर्जुन, जामुन, लेसवा व कदंब सहित कई छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।

भरतपुर में भाजपा ने जारी किया नगरीय विकास संकल्प पत्र

निकाय चुनावों में भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है । इस मौके पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनानी भी मौजूद रहे।

- हर निकाय में सीसीटीवी, पार्किंग और ई-बसें, 24 घंटे पानी-बिजली का दावा; 1 लाख आवासीय प्लॉट और 2 हजार पिंक टॉयलेट बनाने का संकल्प

भरतपुर (निसं)। राजस्थान में आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपना नगरीय विकास संकल्प पत्र जारी किया है। जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा संकल्प पत्र जारी किए जाने के बाद भरतपुर भाजपा कार्यालय में भी प्रेस वार्ता आयोजित कर इसके प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में संभाग प्रभारी एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज, जिला प्रभारी नरेश बंसल, नारायण मीना, चेतन चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा मौजूद रहे।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनावों में पार्टी शहरों को सशक्त, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के विजन के साथ जनता के बीच जा रही है। पार्टी ने अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्रों के विकास को लेकर कई बड़े वादे किए हैं। संकल्प पत्र के अनुसार भाजपा सरकार अगले पांच वर्षों में गरीब वर्ग के लोगों को एक लाख आवासीय प्लॉट आवंटित करने का काम करेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी का लाभ नगरीय निकायों तक पहुंचाने की बात कही गई है। इसमें एससी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्गों को लाभ देने का दावा किया गया है। भाजपा ने पांच वर्षों में प्रदेश के 7 लाख से अधिक घरों में घरेलू पीएनजी कनेक्शन पहुंचाने का संकल्प लिया है। पार्टी का कहना है कि इससे लोगों को सुविधाजनक और स्वच्छ ईंधन उपलब्ध हो सकेगा। महिलाओं के लिए बनेंगे 2 हजार पिंक टॉयलेट सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को होने वाली परेशानी को देखते हुए प्रदेश में 2 हजार पिंक टॉयलेट बनाने का ऐलान किया गया है। प्रत्येक नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिका में इनकी संख्या निर्धारित की जाएगी। शहरों के बाहरी इलाकों में 15 हजार स्ट्रीट लाइट शहरी सीमा से जुड़े बाहरी इलाकों, गांवों और ढाणियों में स्ट्रीट लाइट की समस्या दूर करने के लिए 15 हजार स्ट्रीट लाइट लगाने का संकल्प लिया गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि शहरी निकायों की सीमा में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र और ओपन जिम वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों में बैठने की व्यवस्था के साथ लाइब्रेरी, कैरम, शतरंज सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है। वहीं पार्क को विकसित कर उनमें ओपन जिम और योग स्थल बनाने तथा योग प्रशिक्षक उपलब्ध कराने का भी संकल्प पत्र में उल्लेख है। ई-रिक्शा चालकों और स्ट्रीट वेंडर्स को बीमा से जोड़ने का दावा भाजपा ने रिक्शा चालक, थ्री-व्हीलर चालक और स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ने की बात कही है।

चुनावी जंग का रोमांच परवान पर

लालसोट। नगरपरिषद चुनाव 2026 में वार्ड 31 की चुनावी जंग ने रोमांच बढ़ा दिया है। यहां मुकाबला अब सीधा कांठोस और भाजपा के बीच आमने-सामने का हो गया है। कांग्रेस ने अमित कुमार शर्मा 'छोटू भाई जोशी' को मैदान में उतारा है, वहीं भाजपा ने पंडित मदनलाल हट्टिका पर दांव खेला है।

जनरल सीट पर सियासी समीकरण दिलचस्प, सभी समाजों के वोट निर्णायव वार्ड 31 सामान्य सीट है और यहां सभी समाजों के मतदाता चुनावी परिणाम की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। यही वजह है कि दोनों प्रत्याशियों की नजर अब एक-एक वोट पर टिकी है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही वार्ड में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। कांठोस और भाजपा प्रत्याशी मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटेंगे। समर्थकों ने भी प्रचार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अब मुकाबला सिर्फ प्रत्याशियों का नहीं, बल्कि सियासी पकड़, जनसंपर्क और मतदाताओं के भरोसे की परीक्षा का है।

साइबर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही में 31 अपराध प्रकरण दर्ज

टोंक। साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में जिले में अभियान चलाकर साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर ठगी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ तथा आमजन की साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलेभर की पुलिस थाना टीमो द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गयी। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान में 31 साइबर अपराध के प्रकरण दर्ज कर 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं कार्यवाही के दौरान 5 कारे, 3 बाइक एवं 1 लैपटॉप बरामद किए गए, वही साइबर अपराध से संबंधित 47 मोबाइल फोन बरामद कर 5 एटीएम कार्ड, 3 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक एवं एक अन्य कार्ड बरामद किये गये है। इस अभियान में आरोपियों के कब्जे से 65 हजार 300 रूपये नगद राशि बरामद की गई। वही साइबर अपराध मामलों में 36 प्रकरण दर्ज कर 30 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके खातो में फ्रॉड राशि 1 करोड 26 लाख 72 हजार 289 रूपये प्रदर्शित की गई है। इन साइबर ठगो से 92 मोबाइल एवं 109 ईएमईआई को ब्लॉक करवाया गया। अब तक अभियान में 35 साइबर अपराधियों के खिलाफ आपराधिक रिकॉर्ड ऑनलाइन किया गया हैं। उन्होने बताया कि पुलिस द्वारा साइबर अपराधों में प्रयुक्त बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, एटीएम कार्ड, डिजिटल डिवाइस एवं अन्य तकनीकी संसाधनों की लगातार निगरानी की जा रही है। वही एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त साइबर ठगी की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए ठगी की राशि को होल्ड, रिकवर करवाने तथा अपराधियों तक पहुंचने के लिए तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। साइबर अपराध वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है। पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

खाटूधाम द्वितीय पदयात्रा 13 को

निवाई। श्री श्याम सखा संस्थान परिवार के सानिध्य में निवाई से खाटूधाम द्वितीय पदयात्रा के आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम परिवार के तत्वावधान में पद यात्रा को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है। यात्रा के सुचारू संपादन एवं सफलता के लिए श्याम भक्तों ने सर्वप्रथम चिंताहरण गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश जी व श्याम मंदिर में बाबा श्याम को आदरपूर्वक पदयात्रा का प्रथम निमंत्रण दिया। आयोजन समिति के राजू खंडेलवाल ने बताया कि 13 सितंबर को सुबह 8 बजे श्री श्याम मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ द्वितीय विशाल पदयात्रा खाटूधाम के लिए रवाना होगी। पदयात्रा चाकसू, जयपुर, चौमूं व रींगस होते हुए खाटूधाम पहुंचेगी। खाटूधाम पहुंचकर सभी पदयात्री बाबा श्याम के दरबार में शोभायात्रा के रूप में प्रवेश करेंगे व बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे।

सांभर के चर्चित चेहरों पर टिकी भाजपा और कांग्रेस की निगाहें

- दोनों दलों में कुछ ऐसे चर्चित चेहरे भी बताए जा रहे हैं जिनकी जीत और हार पहले से ही तय की जा रही है। इसके पीछे भी अलग-अलग राजनीतिक समीकरण, जातिगत आधार, बाहरी उम्मीदवार व अन्य छिपे कारण माने जा रहे हैं।
- वर्तमान व निवर्तमान नेताओं के वर्चस्व की लड़ाई ने स्वच्छ राजनीति को ध्वस्त किया

सांभरझील, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी और इंडियन नेशनल कांग्रेस से पहली दफा टिकट लेकर चुनाव लड़ने वाले खास चर्चित चेहरों के अलावा कुछ निर्दलियों पर भी दोनों पार्टियों के आलाकमान की निगाहें टिकी है। राजनीतिक नया भविष्य तलाश कर सत्ता के रास्ते तक पहुंचने के नायाब तरीके की खोज में लगे हैं।

दोनों दलों में कुछ ऐसे चर्चित चेहरे भी बताए जा रहे हैं जिनकी जीत और हार पहले से ही तय की जा रही है। इसके पीछे भी अलग-अलग राजनीतिक समीकरण, जातिगत आधार, बाहरी उम्मीदवार व अन्य छिपे कारण माने जा रहे हैं। टिकटों के वितरण में दोनों दलों की पारदर्शिता व निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करते हुए कुछ कथित बागी उम्मीदवारों ने भी अपना खंभ गाढ़ दिया है। कुछ प्रत्याशी बागी बन गए, तो कुछ को बागी बनने के लिए मजबूर कर दिया। खुद की पार्टी के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहने वाले ऐसे सेवाभावी व मजबूत कार्यकर्ता जिन्होंने जवानी और जवानी से लेकर प्रोढ अवस्था तक पार्टी के धरातल पर रहकर काम किया, कार्यालय व सार्वजनिक समारोह में दरिया बिछाई, झाड़ू लगाई, पार्टी आलाकमान के निर्देशों की अक्षरशः पालना की, समय-समय पर प्रचार प्रसार किया, वक्त वक्त पर हर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाकर पार्टी को ऊंचा स्थान दिलाने मे कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन निजी स्वार्थ और खुद के फायदे के लिए ऐसे कार्यकर्ताओ को पार्टी ने अपने दामन से ही छिटक दिया।

भाजपा व कांठोस में अलग-अलग धडों की राजनीति की वजह से न तो आमजन का फायदा हो सका और न ही सांभर विकास की दृष्टि से आगे बढ़ सका उल्टा पांच दशक पीछे चला गया। वर्तमान और निवर्तमान नेताओं की आपसी तकरार व गुटबाजी ने दोनों पार्टियों की राजनीति का ऐसा बंटाधार किया कि अब कोई सहजता से भी अंदाजा नहीं लगा सकता की आने वाले कुछ दिनों में शहर की सरकार पर कौन काबिज होगा। आमजन के मन में अब यही प्रश्न गहराता जा रहा है कि सत्ता पर काबिज होने के बाद पार्षद व चेयरमैन क्या वाकई में सांभर की जनता का भला कर पाएंगे या फिर से भ्रष्टाचार का कोई इतिहास तो नहीं दोहराया जाएगा। लोगों का मानना है कि तथाकथित नेता अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए जरूरत से ज्यादा चतुराई (शयाणफति) कर पार्टी का नुकसान कर रहे हैं और सांभर के प्राचीन इतिहास को रसातल में पहुंचा कर ही दम लेंगे।

राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

निवाई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल वाटिका के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण व राधा की मनमोहक झांकियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य गिरिराज गुर्जर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल कथा-कहानियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमें हर परिस्थिति में निःस्वार्थ भाव से कर्म करने और योग के मार्ग पर चलने का अमर संदेश देता है। बाल वाटिका प्रभारी सुमन विजयवर्गीय ने बताया कि नन्हे कान्हाओं की नटखट अदाओं एवं माखन चोरी की लीलाओं ने हर किसी का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों ने धार्मिक व सांस्कृतिक भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की व जय श्री कृष्णा के जयकारों से विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा।

सार-समाचार

वार्ड 24 में भाजपा प्रत्याशी राजू दाधीच के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

फुलेरा। वार्ड नंबर 24 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजू दाधीच के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ किया। कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी मनीषा राजावत, रामनिवास यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अठावाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् हरजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि जो लोग पांच साल तक सत्ता का सुख भोग चुके हैं, वे अब चुनावी वादे करेंगे। उन्होंने वार्डवासियों से ऐसे वादों के झांसे में नहीं आने और भाजपा प्रत्याशी राजू दाधीच के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास की जिम्मेदारी वे स्वयं लेते हैं और अपनी जिम्मेदारी से कभी पीछे नहीं हटेंगे। भाजपा प्रत्याशी राजू दाधीच ने कहा कि वार्ड की प्रत्येक समस्या को वे अपनी समस्या मानते हैं और उसके समाधान के लिए स्वयं को जिम्मेदार समझते हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड के माध्यम से वार्ड की सभी प्रमुख समस्याओं का निराकरण करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि महेश सोनी ने कहा कि वार्डवासी तन-मन-धन से भाजपा प्रत्याशी राजू दाधीच के साथ हैं और उन्हें विजयी बनाकर नगर पालिका बोर्ड में भेजने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम में मौजूद वार्डवासियों ने भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

हरियालो राजस्थान के तहत जिले में अब तक 17.35 लाख पौधे लगाए

पावटा। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं हरित क्षेत्र विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त वी. सरवन कुमार ने गुरुवार को ग्राम आंतेला में चारागाह भूमि पर विकसित किए गए उद्यान स्थल पर आयोजित विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त वी. सरवन कुमार ने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए जनभागीदारी का अभियान बनाया जाए। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़कर पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी निभाने का आ ान किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य को पार करने पर संबंधित अधिकारियों, कार्मिकों एवं आमजन का आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि व्यापक जनभागीदारी एवं सामूहिक प्रयासों से जिले को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिला वन अधिकारी बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले को 12,52,454 पौधों के वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया था। इसके विरुद्ध जिले में अब तक 17,35,089 पौधे लगाए जा चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 138.54 प्रतिशत हासिल कर 7 वें स्थान पर है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पौधों के रोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वाटरशेड अधीक्षण अभियंता राजेश गुप्ता ने बताया कि ग्राम आंतेला में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (2.0) के तहत 20 हेक्टेयर क्षेत्र में चारागाह विकास कार्य के अंतर्गत उद्यान स्थल विकसित किया गया है। इस कार्य के लिए 60 लाख रुपये की स्वीकृत राशि है। यहां कुल 37,500 पौधों का रोपण किया गया है, जिसमें मियावाकी तकनीक आधारित 33,000, छायादार 2,500 तथा फलदार 2,000 पौधे शामिल हैं।

कालाडेरा में 14 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया

चौमूं / कालाडेरा । गुरुवार को कालाडेरा नगर पालिका चुनाव 2026 के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही चुनावी तस्वीर भी साफ हो गई है। कालाडेरा नगर पालिका चुनाव में 14 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब कुल 65 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं वहीं वार्ड नम्बर 19 के कांठोस उम्मीदवार का नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी भरा गया था जिसकें कारण नामांकन की संख्या 66 हुई है।

सार्वजनिक सूचना

मैं अरुण सिंह चौहान पुत्र श्री अमर सिंह चौहान, निवासी-राजपूत मोहल्ला, पलानहेड़ा, तहसील महवा, जिला दौसा (राजस्थान) शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरी सगी पुत्री सानवी चौहान के स्कूल रिकॉर्ड में उसकी जन्मतिथि गलती से 07/07/2015 दर्ज हो गई है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में सही व वास्तविक जन्मतिथि 19/06/2014 है। भविष्य में सभी जगह उसकी सही जन्मतिथि 19/06/2014 ही पढ़ी व समझी जावे।

कार्यालय-उपायुक्त, सांगानेर जोन, नगर निगम जयपुर
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास)
क्रमांक : एफ- 53/डी.सी./ एसएनजैड/ननिज/2026-27/2049 दि. : 2.9.2026
सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री भगवान सहाय शर्मा द्वारा व्यासों का मोहल्ला, सांगानेर जिला जयपुर का उपविभाजन / नाम हस्तान्तरण चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड का स्थल	वार्ड नं.	अनुमानित क्षेत्रफल (वर्गगज)	योजना
1	श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री भगवान सहाय शर्मा	व्यासों का मोहल्ला, सांगानेर जयपुर	51	357.70	उप विभाजन/ नाम हस्तान्तरण

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उपविभाजन / नाम हस्तान्तरण किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति / हितधारक को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी करने की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।

(मनमोहन शर्मा) उपायुक्त
आर.ए.एस सांगानेर जोन नगर निगम जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 3597 दिनांक :-02/09/26
जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या 261/471 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री लेखराज सैन पुत्र श्री गणपत राम सैन को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 5915 दिनांक 17.10.2003 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 09.12.2003 को प्राप्त कर लिया गया। श्री लेखराज सैन की मृत्यु दिनांक 17.11.2018 को हो जाने के कारण शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र के आधार पर इनकी पत्नी श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व. श्री लेखराज सैन द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व. श्री लेखराज सैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 3216 दिनांक :- 14/08/2026
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे दुकान संख्या-10 सेक्टर-06, (एरिया 21.600 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री सुभाष गोयल पुत्र श्री एच. एस. गोयल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2827 दिनांक 21.03.1996 को जारी किया गया। श्री सुभाष गोयल के पक्ष में उक्त दुकान के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 01.12.2008 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री सुभाष गोयल द्वारा श्रीमती मंजु रूंगटा पत्नी श्री रतन कुमार को दिनांक 31.10.1996 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती मंजु रूंगटा द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त दुकान को दिनांक 03.12.2008 के द्वारा श्री राकेश सैनी पुत्र श्री रामप्रसाद सैनी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री राकेश सैनी पुत्र श्री रामप्रसाद सैनी द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त दुकान मे अपना नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त दुकान के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री राकेश सैनी पुत्र श्री रामप्रसाद सैनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

खोया पाया

कमलेश कुमार शर्मा पुत्र श्री हनुमानसहाय शर्मा के नाम से हरि नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना ऑफिसर एनक्लेव ग्राम डाबिच में स्थित शॉप नं.-1, 2, 3, 4 के पट्टे एवं सभी मूल दस्तावेज घर/कहीं पर गुम हो गए है जिसे मिले सूचित करें- 9983290111

मेरे मकान संख्या 31/66/4 स्वर्णपथ मानसरोवर जयपुर के मूल अलोटमेंट लेटर एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें- इन्द्र पाल सिंह- 9414358337

मेरे प्लॉट नम्बर- L-21, रियासत टाउन-2, गाँव चतुर्भुजपुरा उर्फ भवानीपुरा, तहसील चाकसू, जयपुर का ओरिजनल प्रोविजनल अलाटमेंट लेटर+ मैप+ ओरिजनल फाइल कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें राजकुमार-